हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 | अंक: 43 | पृष्ठ: 8 | शुक्रवार 04 मार्च से 10 मार्च 2022

# दूषित जल आपूर्ति के कारण लोखंडवाला निवासी बीमार





**मुंबई.** पानी प्रदूषण से हजारों घरों को प्रभावित किया अँधेरी आर.टी.ओ. पास लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स के पास एक सप्ताह पहले गलती से भूमिगत सीवेज और पेयजल का पाइप क्षतिग्रस्त हो गया पानी के लाइन सीवेज लाइन टाटा की केबल उलझने से यह समस्या हुई स्थानीय बीजेपी आमदार वसोर्वा विधानसभा अंधेरी पश्चिम डॉ. **भारती लवेलकर** ने कहा कि मैने सोमवार को साइड का दौरा किया और मनपा को आपात स्थिति घोषित करने व युद्ध स्तर पर समस्या का समाधान करने का आग्रह किया वहाँ की वाहनों के यातायात को डायवर्ट किया गया है जिससे और कठनाई बढ़ गई है वार्ड के सहायक आयुक्त पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि हम समस्या से अवगत है इसे जल्द से जल्द निपटारा करने के लिए काम कर रहे है वार्ड के अधिकारियों ने मुंबई सीवरेज डिस्पोजल प्रोजेक्ट पर नुकसान का आरोप लगाया है वहा पर आमदार डॉ. **भारती लवेलकर** के साथ नगरसेवक **योगिराज दाभडकर** भी उपस्थित थे.

इस बीच स्थानीय निवासियों में गेस्ट्रो, डायरिया, और पेचिश जैसी जल जनित बीमारियों से बीमार हो गए हैं पानी से दुर्गंध आती हैं गंदगी साफ दिखाई देती है.लोखंडवाला फोर्थ लेन में मरकरी सोसायटी ने दो अलग अलग लैब में अपने नल के पानी की जांच कराई वहाँ से यही रिपोर्ट आई कि पानी पीने के लिए असुरक्षित है मरकरी सोसायटी की तरह ही स्प्रिंगफील्डस सोसायटी ने भी अपने पानी के टंकी को यह मान कर साफ किया कि पानी दूषित है

स्थानीय निवासी शैलेश सहदेवन ने कहा कि मैने ट्वीट पर कई मैसेज पोस्ट किया पर वार्ड कार्यालय सिर्फ टालमटोल करते रहा मैने वार्ड को फोन किया पर उन्होंने समस्या ही खारिज की व कहा चीजे इतनी बुरी नही होती लोखंडवाला ओशिवारा सिटिजन असोसिएशन के अध्यक्ष धवल शहा ने कहा कि के वार्ड को इस समस्या को स्थाई रूप से हल करना चाहिए यहां के निवासियों के स्वास्थ्य के प्रभावित कर रही हैं छोटे बच्चे गंभीर रूप से प्रभावित है और कुछ अस्पताल में भर्ती है.







## मुंबई समेत 14 जिलों में कोविड-19 पाबंदियों में मिली छूट

**मुंबई.** महाराष्ट्र सरकार ने कोविड-19 पाबंदियों में ढील देते हुए मुंबई समेत 14 जिलों में 100 प्रतिशत क्षमता के साथ रेस्तरां, सिनेमाघर, स्वीमिंग पूल, धार्मिक स्थल, थियेटर और मनोरंजन पार्क के संचालन की अनुमति दी. यह जानकारी अधिकारियों ने बुधवार को दी. इन 14 जिलों में मुंबई शहर, मुंबई उपनगरीय, पुणे, भंडारा, सिंधुदुर्ग, नागपुर, रायगढ़, वर्धा, रत्नागिरी, सतारा, सांगली, गोंदिया, चंद्रपुर और कोल्हापुर शामिल हैं.

# 500 करोड़ की ड्रग्स को किया नष्ट, कस्टम विभाग ने की कार्रवाई



**मुंबईः** कस्टम विभाग के द्वारा अलग-अलग कार्रवाइयों में बरामद की गई करोड़ों की ड्रग्स को नष्ट किया गया. कस्टम यूनिट 3 ने बुधवार को नवी मुंबई के तलोजा एमआईडीसी इलाके में इस कार्रवाई को अंजाम दिया. इस दौरान करीब 656 किलो ड्रग्स नष्ट की गई, जिसमें केटामाइन, मेफेड्रन, हेरोइन शामिल हैं, जिसकी बाजार कीमत करीब 500 करोड़ रुपए थी. इन ड्रग्स के अलावा कस्टम विभाग ने करीब 15 करोड़ रुपए कीमत की विदेशी सिगरेट को भी नष्ट किया. इन सिगरेट को भी कस्टम विभाग ने अलग-अलग कार्रवाइयों में बरामद किया था. अधिकारी ने बताया कि अलग-अलग कार्रवाइयों में बरामद की गई ड्रग्स को एक साथ नष्ट किया जाता है. ड्रग्स को ड्रम में भरकर अलग अलग प्रकार की ड्रग्स को तलोजा इलाके के मुंबई वेस्ट मैनेजमेंट इलाके में लाया गया था. यहां उन सभी ड्रग्स से भरे ड्रम्स को चिमनियों के जरिए नष्ट किया गया. अधिकारी ने बताया कि विभिन्न तस्करी विरोधी अभियानों में जब्त किए गए नशीले पदार्थों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार नष्ट कर दिया गया. वहीं आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस कार्रवाई से पहले ड्रग्स से संबंधित तमाम औपचारिकताएं पूरी कर ली गईं थीं. यह कार्रवाई उच्च स्तरीय ड्रग्स निपटान समिति की देखरेख में और विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया.


# दिशा सालियान मौत मामला: केंद्रीय मंत्री नारायण राणे और बेटे नितेश राणे को पुलिस ने किया तलब



**मुंबई।** दिशा सालियान मौत मामले में केंद्रीय मंत्री नारायण राणे को मालवानी थाना पुलिस ने 4 मार्च को सुबह 11 बजे बयान दर्ज कराने और भाजपा विधायक नितेश राणे को 3 मार्च को सुबह 11 बजे पेश होने के लिए तलब किया है। गौरतलब है कि बीती 28 फरवरी को दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान के माता-पिता की शिकायत पर महाराष्ट्र महिला आयोग ने इन दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। महाराष्ट्र महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर ने दिशा सलियन की मौत के बारे में गलत जानकारी देने के आरोप में मुंबई के मालवानी पुलिस स्टेशन को नारायण राणे और उनके बेटे नितेश राणे के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए कहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।दरअसल, नारायण राणे और नितेश राणे लंबे समय से अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सलियन की मौत को लेकर बयानबाजी कर रहे. थे. जिसके बाद दिशा सलियन के माता-पिता ने महाराष्ट्र महिला आयोग में शिकायत की थी।

पुलिस ने नारायण राणे और नितेश राणे के खिलाफ झूठी अफवाह फैलाने और मानहानि का मामला दर्ज किया है। सुशांत सिंह राजपूत की मैनेजर रहीं दिशा सालियान ने सुशांत सिंह राजपूत की मौत से कुछ दिन पहले बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली थी और पुलिस जांच में यह भी साफ हो गया था कि दिशा ने खुदकुशी की थी, लेकिन केंद्रीय मंत्री नारायण राणे और उनके विधायक बेटे नितेश राणे लगातार महाराष्ट्र सरकार और महाराष्ट्र पुलिस पर सवाल उठा रहे थे कि दिशा सालियान की मौत आत्महत्या का मामला नहीं है बल्कि उनकी हत्या की गई है।

# अभी पूरी नहीं हुई आर्यन खान ड्रग्स मामले की जांच: एनसीबी



**मुंबई:** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के विशेष जांच दल (एसआइटी) के मुखिया व उप महानिदेशक (अभियान) संजय सिंह ने कहा कि आर्यन खान ड्रग्स मामले की जांच अभी जारी है। जहां तक आर्यन के खिलाफ इस मामले में साक्ष्य नहीं पाए जाने संबंधी मीडिया रिपोर्ट की बात है, तो वह पूरी तरह असत्य और अटकलों पर आधारित है। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। एनसीबी के तत्कालीन जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े ने गत वर्ष दो अक्टूबर की रात कार्डिलिया नामक क्रूज पर छापेमारी करके ड्रग्स पार्टी का पदार्फाश किया था। ड्रग्स लेने के आरोप में मशहूर अभिनेता शाह रुख खान के बेटे आर्यन समेत कुछ अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया था। पूछताछ के बाद तीन अक्टूबर को आर्यन को गिरफ्तार कर लिया गया था। 28 अक्टूबर को बांबे हाई कोर्ट ने आर्यन को जमानत दे दी थी।

# नवाब मलिक पर ED की कार्रवाई से भड़के शरद पवार

## कहा- सच बोलने वालों को परेशान कर रही BJP सरकार



**मुंबईः** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय द्वारा महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक को उनके घर से उठाए जाने के बाद, महा विकास अघाड़ी सरकार के नेताओं ने मोदी सरकार की तीखी आलोचना की है. उनका कहना है कि मोदी सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग सच बोलने वालों को टारगेट करने के लिए कर रही है.

मोदी सरकार पर हमले की अगुआई करते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (ठउढ) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि सच बोलने वालों को परेशान किया जा रहा है. उन्होंने कहा, ह्वइसमें कुछ भी नया नहीं है. हम नवाब मलिक के खिलाफ कार्रवाई की उम्मीद कर रहे थे, क्योंकि वह खुलकर अपना पक्ष रख रहे थे. हम उम्मीद कर रहे थे कि केंद्र उनके खिलाफ कुछ करेगा. जो भी लोग बीजेपी सरकार के खिलाफ खुलकर अपनी बात रखते हैं, उनके पीछे जांच एजेंसियों को छोड़ दिया जाता है. सच बोलने वालों को परेशान किया जा रहा है. राकांपा प्रमुख शरद पवार ने कहा, जब मैं मुख्यमंत्री था तो मुझे भी इसी तरह से निशाना बनाया जाता था. यह साफ दिमाग से बोलने वालों को बदनाम करने की कोशिश है.


यह शक्ति का दुरुपयोग है. शिवसेना के मुख्य प्रवक्ता संजय राउत ने कहा, ह्वनवाब मलिक को निशाना बनाने के लिए 20 साल पुराना मामला सामने आया है. उन्हें (केंद्र सरकार) जो करना है कर लें. यह सब 2024 तक ही चलेगा, उसके बाद नहीं.ह्वमहाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख नाना पटोले ने कहा, ह्वमौजूदा भाजपा शासन में, हमारा लोकतंत्र खतरे में है. जब वे बेनकाब हो जाते हैं, तो जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का सहारा लेते हैं.

नवाब मलिक उन्हें बेनकाब करने में सबसे आगे थे और इसलिए उन्हें निशाना बनाया गया है.

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय ने 23 फरवरी की सुबह नवाब मलिक को उनके घर से उठाया और कई घंटों तक पूछताछ करने के बाद दोपहर 3 बजे के करीब गिरफ्तार कर लिया.









# संपादकीय

संपादकः मुर्तुजा मामाजीवाला

## यूक्रेन संकट से हमारे लिए सबक

यूक्रेन संकट महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच चुका है। पहले रूस ने दोनेत्स्क और लुहांस्क नामक दो अलग-अलग क्षेत्रों को मान्यता दी, फिर डीमिलिटराइज(सैन्य क्षमता विहीन) करने के लिए यूक्रेन पर हमला बोल दिया। मॉस्को का यह फैसला यूरोप में राष्ट्रीय सीमाओं पर हिंसा न करने संबंधी उस वादे के खिलाफ है, जिस पर 1975 में हेलसिंकी समझौते में सहमति बनी थी। जाहिर है, यह वैश्विक व्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती है। शीत युद्ध के बाद मध्य यूरोपीय क्षेत्र पर वर्चस्व की जंग और सुनहरे रूसी अतीत को फिर से जीवित करने की चाह यूक्रेन संकट के मूल में है। अमेरिका व उसके उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी देश एकजुट हैं और मॉस्को पर प्रतिबंध लगा दिए गए हैं। अभी 1939 में शुरू दूसरे विश्व युद्ध और जर्मन युद्ध-मानसिकता को विभिन्न तरीके से याद किया जा रहा है। अमेरिका और नाटो भी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की इस चेतावनी के बावजूद सैन्य विकल्प तलाश रहे हैं, जिसमें उन्होंने यूक्रेन के समर्थन में किसी ह्यहस्तक्षेपह्न के खिलाफ गंभीर नतीजे भुगतने की सख्त चेतावनी दी है।

मगर क्षेत्रीय प्रभुत्व को लेकर ऐसा संघर्ष सिर्फ यूक्रेन तक सीमित नहीं है। हाल ही में संपन्न म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी), 2022 में जिस तरह से अमेरिका व रूस का तनावपूर्ण संबंध हावी रहा, उसी तरह विवादित क्षेत्रों पर भारत-चीन की तनातनी भी सुर्खियों में रही। सम्मेलन में जिस तरह से विचार-विमर्श हुए, वह बीजिंग के सीमा-उल्लंघन संबंधी नई दल्ली के आकलन को स्पष्ट करते हैं। सम्मेलन में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि बीजिंग द्वारा सीमा समझौतों के उल्लंघन (जून, 2020 में हुई गलवान घटना के संदर्भ दिया गया) के बाद दोनों देशों के आपसी रिश्ते ह्यबहुत नाजुकह्न हो गए हैं। उन्होंने कहा, ह्यमसला यह है कि सीमा पर 45 वर्षों से शांति थी और 1975 के बाद से वहां कोई सैनिक हताहत नहीं हुआ था।गलवान संघर्ष के संदर्भ में विदेश मंत्री ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर फौज को न लाने संबंधी चीन के साथ समझौते थे, जिसका बीजिंग ने उल्लंघन किया। इस पर नाराजगी जताते हुए चीन के ग्लोबल टाइम्स ने 20 फरवरी को तीखे शब्दों में लिखा, ह्यनई दिल्ली अंतरराष्ट्रीय समुदाय का साथ लेकर लाभ कमाने की कोशिश कर सकती है, ताकि खुद को मजबूत बना सके और सीमा मुद्दे पर आग से खेल सके। इस तरह की खतरनाक प्रवृत्ति से चीन को सावधान रहने की जरूरत है। जस तरह से यूक्रेन का संकट सामने आया है, उसे हाइब्रिड युद्ध मॉडल का विस्तार कहा जा सकता है, जिसे मॉस्को ने पुतिन के नेतृत्व में सीरिया से लेकर कजाकिस्तान और अब मध्य यूरोप तक सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया है।

# रूस-यूक्रेन युद्ध संकेत है कि भारत को सैन्य मोर्चे पर और सशक्त होना होगा

## जिसके लिए अपनी आर्थिक हैसियत बढ़ाना जरूरी

जब भारत कोविड की चुनौतियों से बाहर निकलकर तेजी से आर्थिक विकास की डगर पर बढ़ रहा था, तब यूक्रेन संकट ने चिंत पैदा कर दी है। हाल में जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रही। वहीं पूरे वित्त वर्ष के दौरान आर्थिक वृद्धि दर 8.9 प्रतिशत रहने के आसार हैं। इससे भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। रूस-यूक्रेन संकट के बावजूद भारतीय शेयर बाजार से लेकर विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़े अर्थव्यवस्था में गहराई और संभावनाओं को दशार्ते हैं, लेकिन इस संकट ने भारत के समक्ष अपनी प्राथमिकताओं को नए सिरे से तय करने का दबाव बढ़ा दिया है। ऐसा इसलिए, क्योंकि भारत को चीन और पाकिस्तान जैसे दो मोर्चों पर चुनौती मिलती रही है। उनसे निपटने के लिए हमारा एक सैन्य शक्ति बनना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है और सैन्य शक्ति बनने का रास्ता आर्थिक ताकत से ही निकलेगा।हमें आर्थिक मोर्चे पर बहुआयामी रणनीति बनानी होगी। पहला काम यह करना होगा कि कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाकर उसे आर्थिक मजबूती का आधार बनाया जाए। दूसरा, दुनिया का नया मैन्यूफैक्चरिंग गढ़ बनकर विनिर्माण निर्यात बढ़ाने होंगे। तीसरा, उद्योग-कारोबार को और सुगम बनाकर अधिक एफडीआइ आकर्षित करना होगा।




चौथा, आइटी आउटसोर्सिंग से विदेशी आय अर्जन बढ़ाकर उससे अर्थव्यवस्था को मजबूती देनी होगी। वर्तमान में कृषि क्षेत्र से मिल रहे संकेत उत्साहजनक हैं। कोविड महामारी की चुनौतियों के बीच दूसरे क्षेत्रों में भारी गिरावट के बीच कृषि ही एकमात्र ऐसा क्षेत्र रहा, जिसने लगातार तेज वृद्धि दर्ज की। 2021-22 में देश में खाद्यान्न उत्पादन रिकार्ड 31.60 करोड़ टन पहुंचने का अनुमान है। इस साल तिलहन उत्पादन 3.71 करोड़ टन रह सकता है, जो पिछले साल 3.59 करोड़ टन था। सभी प्रमुख फसलों के एमएसपी में उत्साहजनक वृद्धि, पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से जनवरी 2022 तक 11.30 करोड़ से अधिक किसानों को 1.82 लाख करोड़ रुपये की आर्थिक मदद, कृषि क्षेत्र में शोध एवं नवाचार को बढ़ावा और अन्य विकास योजनाओं से कृषि उत्पादन में ऐसा रुझान संभव हुआ है। रिकार्ड खाद्यान्न उत्पादन न केवल देश को आर्थिक शक्ति बनाने, बल्कि महंगाई को थामने में भी मददगार होगा। वैश्विक आपूर्ति पर भी हमारी पकड़ मजबूत होगी। दुनिया को 25 प्रतिशत से अधिक गेहूं का निर्यात करने वाले रूस और यूक्रेन के युद्ध में फंसने से भारत के लिए संभावनाओं का बढ ा तय है। इतना ही नहीं चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के निर्यात में भी वृद्धि की स्थिति बनती दिख रही है। अनुमान है कि आगामी वित्त वर्ष में कृषि निर्यात 55-60 अरब डालर के स्तर तक पहुंच सकता है। यह ध्यान रखा जाए तो बेहतर कि कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाकर उसे अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बनाने में निजी क्षेत्र की अहम भूमिका हो सकती है।वैश्विक सामरिक परिदृश्य में आ रहे परिवर्तन को देखते हुए आत्मनिर्भर भारत एवं मेक इन इंडिया अभियान की अहमियत और बढ़ गई है। खासतौर से अब रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करना बेहद जरूरी है। इसकी कडि ां विनिर्माण क्षेत्र से भी जुड़ती हैं। हालिया आम बजट में सरकार ने विनिर्माण केंद्रित विशेष आर्थिक क्षेत्र यानी सेज के वर्तमान स्वरूप में परिवर्तन की योजना बनाई है। इसमें उपलब्ध संसाधनों का पूरा उपयोग करते हुए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों के लिए विनिर्माण किया जाएगा। जहां उत्पादन आधारित प्रोत्साहन यानी पीएलआइ योजना की सफलता से चीन से आयात किए जाने वाले कई प्रकार के कच्चे माल के विकल्प तैयार हो सकेंगे, वहीं औद्योगिक उत्पादों का निर्यात भी बढ़ सकेगा।

भारत के वैश्विक मैन्यूफैक्चरिंग हब बनाने की संभावनाओं को साकार करने के मद्देनजर प्रमुख रूप से 10 सेक्टरों को तेजी से आगे बढ़ाना होगा। इनमें इलेक्ट्रिकल, फार्मा, मेडिकल उपकरण, इलेक्ट्रानिक्स, हैवी इंजीनियरिंग, सोलर उपकरण, लेदर प्रोडक्ट, फूड प्रोसेसिंग, केमिकल और टेक्सटाइल अहम हैं।

# छठे चरण का मतदान शुरू, पूजा-पाठ के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया मतदान

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में 18वीं विधानसभा के गठन के लिए छठे चरण का मतदान प्रारंभ हो गया है। दस जिलों के 57 विधानसभा क्षेत्र के लिए मॉक पोलिंग के बाद मतदान प्रारंभ हो गया है।छठे चरण में सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ उनके सात मंत्रियों, नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी तथा बसपा विधायक दल के नेता उमाशंकर सिंह व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू की प्रतिष्ठा दांव पर है। इस चरण में 2.15 करोड़ मतदाता सीएम योगी आदित्यनाथ सहित 676 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें 66 महिला प्रत्याशी हैं। वर्ष 2017 में 57 सीट में 46 सीटों पर भाजपा का कब्जा था।पूजा-पाठ के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया मतदान : प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरखपुर के गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को भी अपनी दिनचर्या के अनुरूप पूजा-पाठ के बाद गौ-सेवा की और फिर मतदान केन्द्र पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के छठे चरण के लिए गोरखपुर के प्राथमिक विद्यालय गोरखनाथ कन्या नगर क्षेत्र में अपना वोट डाला। इससे पहले उन्होंने




अपनी कर्मस्थली गोरखनाथ मंदिर में पूजा की।छठे चरण में अम्बेडकरनगर, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संत कबीर नगर, महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया व बलिया में मतदान होगा। इस चरण में 11 सीटें सुरक्षित हैं। चुनाव आयोग ने निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तैयारियों को बुधवार को पूरा कर लिया था। चुनाव आयोग ने इन जिलों के डीएम व पुलिस कप्तान से तैयारियों की विस्तृत रिपोर्ट ली है। छठे चरण में 13,936 मतदान केन्द्रों के 25,326 मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर वोट डाले जाएंगे। आयोग ने 1113 आदर्श मतदान केंद्र बनाए हैं। 76 पिंक पोलिंग बूथ भी बने हैं इनमें सभी कर्मी महिलाएं हैं।

# पीएम मोदी जौनपुर-चंदौली में करेंगे रैली, मऊ और आजमगढ़ में गरजेंगे शाह



लखनऊ। विधानसभा चुनाव अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। 54 सीटों का यह मतदान काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी भी है। यहां से भाजपा अच्छी बढ़त लेना चाहती है, वहीं जातीय समीकरणों से सपा मुखिया अखिलेश यादव उम्मीदें लगाए बैठे हैं, क्योंकि उनका संसदीय क्षेत्र आजमगढ़ की विधानसभा सीटें भी इसी चरण में हैं। इसे देखते हुए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। स्वयं प्रधानमंत्री गुरुवार को जौनपुर और चंदौली में रैलियां करने जा रहे हैं। छठवें और सातवें चरण में पूर्वांचल की 111 सीटें हैं, जिन पर खास तौर पर भाजपा की नजर है। माफियाराज को कुचलने का जो दावा भाजपा करती है, उसका असर पूर्वांचल में ही रहा है, वह भी खास तौर पर सातवें चरण में शामिल मऊ, गाजीपुर जैसे जिलों में। योगी सरकार ने लगातार मुख्तार अंसारी पर निशाना भी साधा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सीट गोरखपुर शहर सहित छठवें चरण की 57 सीटों पर गुरुवार को मतदान है। इसके बाद सातवें चरण में 54 सीटों के लिए सात मार्च को वोट पड़ने हैं। इस अंतिम चरण के लिए भाजपा ने अपने संगठन की ताकत लगा दी है।प्रदेशभर से सभी वरिष्ठ नेता और कार्यकताओं की बड़ी फौज यहां लगा दी गई है।


## शराबबंदी मामले में नीतीश कुमार ने किया बड़ा ऐलान, बोले- हेलीकाप्टर और ड्रोन से आगे बढ़ेगी बात



**पटनाः** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि अगले साल तक पूरे राज्य में भूमि सर्वेक्षण पूरा हो जाएगा। इससे जमीन से जुड़ी हिंसक घटनाएं और हत्याएं कम होंगी। उन्होंने कहा कि अप्रैल से गांवों के सोलर लाइट लगने लगेंगी। उन्होंने किसानों को भरोसा दिया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर फसलों की खरीद जारी रहेगी। 15 फरवरी तक 44. 95 लाख टन धान की अधिप्राप्ति हुई। सरकार ने 15-20 लाख टन गेहूं की अधिप्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज सुधार के लक्ष्य के साथ शराबबंदी, दहेज और बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता चलाया जा रहा है।शराबबंदी को विफल करने वालों की कोशिश में लगे लोगों को छोड़ेंगे नहीं।

## कविता




# कहै कबीर दीवाना-ओशो

अब यह बड़ी दुविधा है। अगर न झुके, तो कलह है। लेकिन जब तक नहीं झुकती, तब तक आकर्षण है। क्योंकि वह व्यक्ति है, आत्मा है, आत्मवान है, अपना बल है। उसका अपना निजी व्यक्तित्व है। जैसे ही झुकती है, वैसे ही शांति हो जाती है, लेकिन मन में दूसरी स्त्रियों का आकर्षण उठने लगता है। और जो स्त्री जितनी ही कठिनाई पैदा करती है झुकने में, उतना ही चुनौती मालूम पड़ती है।

ऐसा ही पुरुष के संबंध में सच है। अगर पुरुष बिलकुल झुक जाए, स्त्री को वह पुरुष ही नहीं मालूम पड़ता। उसकी कोई स्थिति न रही। अगर न झुके तो झुकाने का संघर्ष चलता है। क्योंकि जब तक झुक न जाए तब तक उसे भरोसा नहीं आता कि मैं जीत गई। तो एक विजय का संघर्ष है व्यक्तियों के साथ। झुकने से पूरा नहीं होता क्योंकि झुकने में व्यक्ति वस्तु हो जाता है। बात ही खतम हो गई। और झुकना न हो तो संघर्ष चलता है, समर्पण नहीं हो पाता। जारी......

# डायबिटीज में चीनी की जगह Stevi (मीठी तुलसी) का प्रयोग कितना सुरक्षित है?

आयुर्वेद में कई ऐसी जड़ी-बूटियां हैं, जिनका उपयोग ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रखने के लिए किया जाता है। इन्हीं में स्टीविया भी शामिल है। स्टीविया एक ऐसी जड़ी बूटी है, जो चीनी की तरह मीठी होती है। इसकी पत्तियां तुलसी की तरह दिखती हैं, इसलिए इसे मीठी तुलसी भी कहा जाता है। डायबिटीज रोगियों के लिए स्टीविया काफी फायदेमंद होती है, इससे उनका ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है। डायबिटीज रोगी चीनी के बजाय स्टीविया को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। चलिए कंसल्टेंट एंडोक्रिनोलॉजी डॉक्टर अभिजीत भोगराज, हेब्बली से विस्तार से जानते हैं डायबिटीज रोगियों के लिए स्टीविया कैसे फायदेमंद है। स्टीविया यानी मीठी तुलसी पोषक तत्वों से भरपूर होती है। इसमें आयरन, प्रोटीन, फाइबर, मैग्नीशियम, पोटैशियम, विटामिन ए और विटामिन सी काफी अच्छी मात्रा में होता है। मीठी तुलसी एंटीऑक्सीडेंट का भी अच्छा सोर्स है। इसे डायबिटीज रोगियों के लिए भी काफी फायदेमंद माना जाता है।डायबिटीज रोगियों के लिए स्टीविया की पत्तियां काफी लाभदायक होती हैं। स्टीविया की पत्तियां ब्लड शुगर को कंट्रोल रखती हैं, साथ ही मोटापे को भी




कम करने में कारगर मानी जाती हैं। स्टीविया की पत्तियां हृदय रोग के जोखिम को भी कम करती हैं। डायबिटीज रोगियों में ब्लड शुगर कभी हाई तो कभी कम हो जाता है।

# नसीरुद्दीन शाह ने निभाई शाहिद कपूर की बहन सनाह की शादी की ये खास रस्म





शाहिद कपूर की सौतेली बहन सनाह कपूर आज शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। आज यानी 2 मार्च को सनाह महाबलेश्वर में सात फेरे लेंगी। पंकज कपूर और सुप्रिया पाठक की बेटी सनाह कपूर बॉलीवुड के दिग्गज कॉमेडियन एक्टर मनोज पाहवा और सीमा पहवा की बेटे से मयंक पाहवा संग सात फेरे लेंगी। सनाह और मयंक की शादी में शामिल होने के लिए परिवार के लोग और खास दोस्त महाबलेश्वर पहुंच चुकें हैं। वहीं अब शादी के पहले की बाकी रस्में भी शुरू हो चुकी हैं। इसी बीच सहान की शादी के पहले की रस्म का एक खास वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में परिवार के सारे सदस्य एक साथ एंजॉय करते दिख रहे हैं। यहां देखें वीडियो... सनाह कपूर और मयंक पाहवा की शादी इन वक्त की चर्चा में बनीं हुई है। शाहिद कपूर की बहन और एक्ट्रेस सनाह की तस्वीरों और वीडियो का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। हर कोई सनाह को दुल्हान के जोड़े में देखने के लिए बेताब नजर आ रहा है। इसी बीच शादी से पहले की रस्म का एक वीडियो और तस्वीर सामने आई है जिसे बॉलीवुड के फोटोग्राम मानव मंगलानी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। ये वीडियो सनाह के चूड़ा रस्म का है। इसमें आप देख सकते हैं कि नसीरुद्दीन शाह अपने हाथ में चूड़ा लेकर आ रहे हैं। वहीं सनाह की मौसी रत्ना पाठक उन्हें कलीरे और चूड़ा पहनाती नजर आ रही हैं। इस मौके पर सनाह बेहद ही खुश दिख रही हैं। वहीं मौसी रत्ना पाठक अपना सारा प्यार और आशीर्वाद सनाह पर लुटाती नजर आ रही हैं। बता दें

# अंतिम ग्रुप-मैच में हर हाल में जीत चाहेगी मुंबई



अहमदाबादः आत्मविश्वास से भरी मुंबई की टीम गुरुवार से यहां शुरू होने वाले अपने अंतिम एलीट ग्रुप-डी रणजी ट्राफी मैच में ओडिशा के खिलाफ जीत पर निगाहें लगाए है क्योंकि नाकआउट की दौड़ में बने रहने के लिए उसे छह अंक चाहिए होंगे।इस समय मुंबई नौ अंक लेकर ग्रुप में शीर्ष पर है। उसने पिछले मैच में गोवा के खिलाफ अंतिम मैच में जीत हासिल की थी, जबकि इससे पिछले मैच में सौराष्ट्र के खिलाफ पहली पारी के आधार पर बढ़त बनाई थी। अगर मुंबई की टीम ओडिशा को हरा देती है तो उसके 15 अंक हो जाएंगे और बोनस अंक सहित जीत दर्ज करती है तो उसके 16 अंक हो जाएंगे।सौराष्ट्र की टीम आठ अंक से दूसरे स्थान पर है, अगर वे गोवा को हरा देते हैं तो उसके 14 अंक हो जाएंगे। अगर मुंबई पहली पारी की बढ़त बनाती है और सौराष्ट्र जीत जाती है तो सौराष्ट्र अगले दौर में पहुंच जाएगी। इसलिए अमोल मजूमदार की कोचिंग वाली टीम बोनस अंक सहित जीत दर्ज करने के लिए बेताब होगी।कप्तान पृथ्वी शा बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे तो श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट के लिए भारतीय टीम से बाहर किए गए अनुभवी अजिंक्य रहाणे भी रन जोड़ना चाहेंगे। युवा बल्लेबाज सरफराज खान भी अपनी अच्छी लय को जारी रखना चाहेंगे। वहीं मुंबई को अगर बड़ा स्कोर बनाना है तो विकेटकीपर आदित्य तारे को भी बड़ी पारी खेलनी होगी। शम्स मुलानी के आलराउंड प्रदर्शन से मुंबई ने गोवा पर जीत दर्ज की थी और यह बायें हाथ का स्पिनर भी इसी फार्म को जारी रखना चाहेगा। ओडिशा के महज तीन अंक हैं जिससे वह दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है।

## टेस्ट कप्तानी के लिए तैयार रोहित शर्मा ने जमकर बहाया पसीना,नेट्स में नजर आए पूरे रंग में



**मोहाली।** नीले ब्लेजर और सफेद जर्सी में पहली बार टास करने से कुछ घंटे पहले रोहित अपनी बल्लेबाजी को लेकर काफी फोकस नजर आए। उन्होंने पहले बायें नेट पर थ्रोडाउन विशेषज्ञ दयानंद के साथ अभ्यास किया, फिर रवींद्र जडेजा, सौरभ कुमार, मुहम्मद सिराज और मुहम्मद शमी की गेंदों पर बल्लेबाजी की। इसके बाद भी वह नहीं माने और आखिर में तीसरे नेट पर गए जहां पर थ्रोडाउन विशेषज्ञ रघु और नुआन के सामने अभ्यास किया। यहां पर वह शार्ट गेंदों पर अभ्यास कर रहे थे।वहीं उन्होंने सिराज की गेंदों पर कवर ड्राइव लगाए। विराट और रोहित ने अलग-अलग समय अलग नेट पर बल्लेबाजी की। एक समय उप कप्तान रहे रोहित 30 गज की दूरी से पूर्व कप्तान कोहली के अभ्यास पर भी नजर लगाए थे। रोहित ने करीब 45 मिनट तक बल्लेबाजी करने के बाद टीम के अभ्यास सत्र की निगरानी भी की। जब वह बल्लेबाजी कर रहे थे तो कोहली बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर और रवींद्र जडेजा के साथ बातचीत कर रहे थे।रोहित ने अभ्यास के दौरान जसप्रीत बुमराह की कुछ गेंदों को और शमी की आफ स्टंप से बाहर जाती गेंदों को छोड़ा भी। रोहित ने अभ्यास सत्र के दौरान थ्रोडाउन विशेषज्ञों और स्पिनरों के खिलाफ कई सत्र किए, जो साफ संकेत था कि वह टेस्ट में महज कप्तान नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता बनना चाहते हैं जो खिलाड़ियों के लिए उदाहरण पेश करने में भरोसा रखते हैं। हालांकि पूरे नेट अभ्यास के दौरान पूर्व कप्तान और कप्तान के बीच बातचीत नहीं हुई।

## फार्म में लौटी हरमनप्रीत कौर ने टीम के इस सदस्य को दिया श्रेय



**मोहाली।** भारतीय उप कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बुधवार को रहस्योद्घाटन किया कि रन नहीं बना पाने के कारण वह गुमसुम होती जा रही थीं, लेकिन टीम की मनोचिकित्सक मुग्धा बावरे ने आइसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप से पहले उन्हें खोई फार्म हासिल करने में बहुत मदद पहुंचाई। बावरे टीम के साथ न्यूजीलैंड दौरे पर गई हैं जहां शुक्रवार से वनडे विश्व कप खेला जाना है। यह पहला अवसर है, जबकि भारतीय टीम के साथ खेल मनोचिकित्सक भी दौरे पर है।

हरमनप्रीत ने कहा, ह्यमुग्धा मैडम हमारे साथ दौरा कर रही हैं और उन्होंने काफी मदद की विशेकर पिछले चार मैचों में जो हमने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले थे और जिनमें मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था।

# प्रमोद महाजन गार्डन का नवीनीकरण








**मुंबई** : मुंबई भारतीय जनता पार्टी की,आमदार अंधेरी वसोर्वा विधानसभा **डॉ. भारती लवेलकर** के फंड से प्रमोद महाजन गार्डन का कायाकल्प वार्ड नं.60 रोड नं. 3 लोखंडवाला कॉम्लेक्स अंधेरी वेस्ट में स्थित गार्डन का नवीनीकरण किया गया.जिसमें नये पत्रे का शेड का निर्माण व दो सीट के शौचालय का निर्माण साथ मे गार्डन के अंदर का सौंदर्य भी शामिल हैं जैसे बैठने की बेंच गार्डन के बच्चों के खेलने के उपकरण वरिष्ठ नागरिकों को के लिए सुविधा मुंबई के भागदौड़ वाली लाइफ में ऐसे में स्थानीय नागरिक वहां जाकर तनावविरहित हो जाएंगे बीजेपी आमदार **डॉ. भारती लवेलकर** वसोर्वा विधानसभा में अपने लोकउपयोगी कामो के वजह से जानी जाती हैं

स्थानीय निवासियों ने बीजेपी आमदार **डॉ. भारती लवेलकर** व नगरसेवक **योगिराज दाभडकर** की काफी सराहना की है.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवालाा के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट , ऑफ आरे रोड , प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास , गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई – 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित । संपादक : मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997
■ T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेल: newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net